वार्षिक रिपोर्ट

1979-1980

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार
गाजियाबाद-201001

विषय-सूची

क्रम संख्या	विषय	(i) पृष्ठ संख्या
1.	लक्ष्य और उद्देश्य	(ii)
2.	प्रस्तावना	(iii)
3.	शांसी निकाय	(v)
4.	स्थायी वित्त समिति	(iv)
5.	वैज्ञानिक सलाहकार समिति	(v)
6.	उप समिति	(vi)
7.	वार्षिक प्रगति रिपोर्ट	1
8.	अनुसंधान क्षेत्र	1
9.	नैदानिक अनुसंधान	2
10.	नैदानिक सत्यापन अनुसंधात	14
11.	औषधि परीक्षण अनुसंधान	14
12.	औषधि मानकीकरण अनुसंधान	16
13.	आयुर्विज्ञान साहित्य सम्बन्धी	18
14.	औषधिय पौधों का सर्वेक्षण	13
15.	संस्थानों एककों की स्थिति	17
16.	परियोजना अधिकारी । प्रभारी अधिकारी	17

लक्ष्य और उद्देश्य

केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1960 के सोसाइटी एक्ट XXI के अधीन निम्नलिखित उद्देश्यों से की गई :—

- ☐ होमियोपैथी के लक्ष्यों और उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करना, वैज्ञानिक ढंग से इसके अनुसंधान का स्वरूप निश्चित करना।

- ☐ होमियोपैथी से सम्बन्धित हर तरह के अनुसंधान अथवा अन्य कार्यक्रम शुरू करना।

- ☐ अनुसंधान का निष्पादन और सहायता प्रदान करना, तथा बीमारियों के कारणों, रोग फैलने के तरीकों और इसके रोकथाम से सम्बन्धित प्रायोगिक उपायों से सम्बन्धित जानकारी का प्रचार-प्रसार तथा

- ☐ होमियोपैथी के विभिन्न पहलुओं—आधारभूत और अनुप्रयुक्त—से वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू करना, सहायता देना और विकास व समन्वय पर ध्यान देना तथा रोगों के अध्ययन, इनकी रोकथाम व उपचार आदि से सम्बन्धित अनुसंधान वाली संस्थाओं को बढ़ावा व सहायता देना।

प्रस्तावना

केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1960 के सोसाइटी ऐक्ट XXI के अधीन की गई थी। वास्तव में 10 जनवरी, 1979 को पहले के सी० सी० आर० आई० एम० एच० का औपचारिक बंटवारा हुआ और तब से परिषद् स्वतन्त्र रूप से कार्य करने लगी।

परिषद् द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति इसके द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न एककों से की जा रही है, जिनकी संख्या इस समय 28 है।

कार्यक्रम का निर्धारण, तकनीकी निर्देशों का सूत्रीकरण, प्रांचलों (पैरामीटरों) का निर्धारण का कार्य परिणामों के अध्ययन और मूल्यांकन के लिए परिषद् के शासी निकाय द्वारा संगठित वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सीमा क्षेत्र में है।

परिषद् का तकनीकी अनुभाग वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सुझावों को लागू करने तथा विभिन्न एककों द्वारा किए गये अनुसंधान कार्य के क्रियामापन (मानीटर) का कार्य करता है।

वर्तमान वित्त वर्ष में परिषद् द्वारा सूरत, बहादुरगढ़, शिमला, उड्डपी, पुरी, पटियाला, जयपुर, तिरुपति और पोर्टब्लेयर में नैदानिक अनुसंधान एककों की स्थापना की गई। ये सभी एकक परिषद् के लिए आंकड़ा पुनर्निवेशन केन्द्रों का कार्य करते हैं। अनुमान किया जाता है कि गोहाटी में भी नैदानिक अनुसंधान एकक की स्थापना की जायेगी। गाजियाबाद में औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक की भी स्थापना की गई है। औषधि वाले पौधों के सर्वेक्षण और एकत्रीकरण के लिए जिस एकक की स्थापना ऊटकमंड में की जानी थी, उसे प्रारम्भ में गाजियाबाद में खोला गया। यह एकक भारत सरकार की होमियोपैथी फार्मेकोपिया प्रयोगशाला और औषधि मानकीकरण एकक, गाजियाबाद के सहयोग से पहले से ही सर्वेक्षण और एकत्रीकरण का कार्य कर रहा है। अनुमान है कि शीघ्र ही इस एकक को ऊटकमन्ड में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

परिषद् के मुख्यालय, गाजियाबाद में एक पुस्तकालय, प्रलेखन तथा प्रकाशन एकक की स्थापना हो चुकी है। यह एकक एक त्रैमासिक बुलेटिन प्रकाशित करती है जिससे संस्थानों/एककों के क्रियाकलापों और उनकी उपलब्धियों की जानकारी मिलती है। यह एकक वैज्ञानिक शोधपत्रों के सार तैयार करने का कार्य करती है और अनुसंधान कार्य करने वालों को तत्सम्बन्धी जानकारी देने के लिए इन्हें बुलेटिन में प्रकाशित करती है। यह एकक होमियोपैथिक औषधियों से सम्बन्धित वर्गीकृत सूचना के प्रलेखन का कार्य भी करती है। निकट भविष्य में इस एकक को आत्मनिर्भर पुस्तकालय और अभिलेखन केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

यहां यह उल्लेख करना उचित रहेगा कि परिषद् के नैदानिक अनुसंधान एकक अनुसंधान के उपमार्ग के द्वारा भी समुदाय को चिकित्सीय सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

प्रस्तुत पुस्तिका 1979-1980 वाले वर्ष की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट है। समस्यावार जो उपलब्धियां हुई हैं उन्हें यहां संक्षेप में दिया गया है। यह पुस्तिका वर्ष 1979-80 का वार्षिक लेखा-जोखा भी प्रस्तुत करती है।

शासी निकाय

1. स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मन्त्री	प्रधान
2. स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री।	उपप्रधान
3. सचिव / अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य, भारत सरकार।	सदस्य
4. संयुक्त सचिव (होमियोपैथी) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।	सदस्य
5. संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।	सदस्य
6. डा० जुगल किशोर, सलाहकार (होमियोपैथी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।	सदस्य
7. डा० दीवान हरीश चंद, 1, हनुमान रोड, नई दिल्ली।	सदस्य
8. डा० जे० एन० कांजीलाल, 87, लेनिन सरणी, कलकत्ता।	सदस्य
9. डा० एम० एल० धावले, 285, ए, फिफ्थ रोड, चैम्बूर बम्बई।	सदस्य
10. डा० नागभूषणम, प्राचार्य, जयसूरिया होमियोपैथिक कालेज, हैदराबाद।	सदस्य

11. डा० एम० एम० एस० आहूजा,
विभागाध्यक्ष, आयुर्विज्ञान विभाग
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
नई दिल्ली। — सदस्य

12. डा० पी० एन० मेहरा,
अनुसंधान सलाहकार,
हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला। — सदस्य

13. डा० के० पी० मजूमदार,
निदेशक, राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान,
कलकत्ता। — सदस्य

14. डा० पी० एन० वर्मा०,
निदेशक, केन्द्रीय होमियोपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नवयुग मार्केट, गाजियाबाद — निदेशक। सदस्य सचि

स्थायी वित्त समिति

1. संयुक्त सचिव,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली। — अध्यक्ष

2. संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली। — सदस्य

3. डा० जुगल किशोर
सलाहकार (होमियोपैथी),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली। — सदस्य

4. निदेशक,
केन्द्रीय होमियोपैथी अनुसंधान परिषद्,
गाजियाबाद। — सदस्य सचिव

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1. डा० जुगल किशोर
सलाहकार (होमियोपैथी),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली। — अध्यक्ष

2. डा० दीवान हरीश चन्द
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली। — सदस्य

3. डा० जे० एन० कोजोलाल,
87, लेनिन सरणी,
कलकत्ता। — सदस्य

4. डा० के० पी० मजूमदार,
निदेशक, राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान,
कलकत्ता। — सदस्य

5. डा० पी० एन० वर्मा,
निदेशक, केन्द्रीय होमियोपैथिक अनुसंधान परिषद्
गाजियाबाद। — सदस्य-सचिव

वैज्ञानिक सलाहकार समिति आवश्यकता पड़ने पर कार्यसूची की मदों के अनुसार विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को विशेष आमन्त्रित सदस्यों के रूप में सहयोजित करती है। इस समिति (वैज्ञानिक सलाहकार समिति) ने उपसमितियां बनाई है जिसमें निदेशक को, परिनिरीक्षण व मूल्यांकन तथा प्रगति में सुधार लाने के निमित्त सुझाव देने के लिए, सदस्य सचिव बनाया गया है। इस को कार्यकारी दलों के नमूने पर कार्य करने के लिए उपसमिति का दर्जा दिया गया है।

नैदानिक अनुसंधान—

- डा० एम० एल० धावले,
285, ए, फिफ्थ रोड;
चैम्बूर, बम्बई।
- डा० दीवान हरीश चंद,
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली।
- डा० एम कुटुम्बराव,
नैदानिक अनुसंधान केन्द्र,
डा० गुरूराजू गवर्नमेंट होमियो कालेज,
गुडिवाडा।
- डा० डी० पी० रस्तोगी,
प्राचार्य, एन० एच० मेडिकल कालेज,
बी० ब्लाक, डिफेंस कालोनी,
नई दिल्ली।

औषधि परीक्षण

डा० जुगल किशोर,
सलाहकार (होमियोपैथी)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली।
डा० एस० के० नायक,
औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक,
डी० एन० डे० होमियोपैथिक मेडिकल,
कालेज एवं अस्पताल, कलकत्ता।

डा० वी० टी० आगस्टिन,
उप-सलाहकार (होमियोपैथी)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय,
नई दिल्ली।

डा० एम० पी० आर्य,
रजिस्ट्रार, केन्द्रीय होमियोपैथिक परिषद्
जे०-1/32, झंडेवालान एक्सटेंशन,
नई दिल्ली।

डा० आर० के० कपूर,
30, के० पी० कक्कड़ रोड,
इलाहाबाद (उ० प्र०)

औषधि मानकीकरण

डा० के० पी० मजूमदार,
निदेशक, राष्ट्रीय होमियोपैथिक संस्थान,
118, एमहर्स्ट स्ट्रीट, कलकत्ता।

डा० जे० एन० तायल,
अवकाश प्राप्त निदेशक,
सी० आई० पी० एल०, कविनगर,
गाजियाबाद।

डा० एन० रमैया,
परियोजना अधिकारी,
औषधि मानकीकरण एकक,
वनस्पति विज्ञान विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय,
हैदराबाद।

डा० पी० एन० वर्मा,
उप निदेशक,
होमियोपैथिक फार्मकोपिया प्रयोगशाला,
गाजियाबाद।

आयुर्विज्ञान साहित्य सम्बन्धी अनुसंधान

डा० जुगल किशोर,
सलाहकार (होमियोपैथी),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय,
नई दिल्ली।

डा० के० एन० कासद,
ए० एच० वाडिया बाग,
3/10 पटेल टैंक रोड,
बम्बई—400033

डा० आर० पी० पटेल,
हनीमैन हाउस, कालेज लेन,
कोट्टायम।

वार्षिक प्रगति विवरण

1979-80

अनुसंधान क्षेत्र

1. नैदानिक अनुसंधान
2. नैदानिक सत्यापन परीक्षण अनुसंधान
3. औषधि परीक्षण अनुसंधान
4. औषधि मानकीकरण।
5. आयुर्विज्ञान साहित्य सम्बन्धी अनुसंधान
6. औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा एकत्रीकरण

1. नैदानिक (रोगलक्षणी) अनुसंधान

होमियोपैथी की औषधियों (देशज होमियोपैथी औषधियों का भी) की प्रभावशीलता का पता लगाने के लिए रोगलक्षण वाले क्षेत्र में अनुसंधान शुरू किए गए हैं। ये अनुसंधान निम्नलिखित दो प्रकार से हो रहे हैं—

(क) औषधि केंद्रित।

(ख) लक्षण सम्मिश्र-रोग केंद्रित।

उपरोक्त अवधि के दौरान पहले से चलाए जा रहे कार्यक्रमों को जारी रखा जा रहा है और इसके अतिरिक्त वर्तमान समय की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण नई नैदानिक परियोजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। इस प्रकार के अनुसंधान परियोजनाओं के अलावा परिषद् ने देश के विभिन्न भागों में लगभग 69,501 रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचाया।

(क) औषधि केंद्रित

(1) देशी होमियोपैथिक दवाओं—जैसे **कैसिया सोफेरा ग्रिडेलिया रोबस्टा तथा टाइलोफोरा इंडिका का कष्ट श्वास (डिस्पनीया) से सम्बन्धित लक्षण-सम्मिश्र पर** पड़ने वाले प्रभाव।

इस अवधि में देशज औषधियों—जैसे कैसिया सोफेरा, ग्रिडेलिया रोबस्टा तथा टाइलोफोरा इंडिका का कष्ट श्वास पर नैदानिक परीक्षण किया गया। यह देखा गया कि उपरोक्त तीनों औषधियों का प्रभाव काफी कम समय के लिए और सतही तौर पर होता है। ये प्रवेग को केवल उपशमन करती है लेकिन रोग को समाप्त नहीं करतीं। इस विषय पर एक पूरी रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया जा रहा है कि इसका शीघ्र ही प्रकाशन हो सके।

(2) कम जानकारी वाली दो औषधियों—जैन्थो जाइलम तथा विबरन ओप्यूलस—का कृच्छ्रार्तव (डिसमेनोरिया) से सम्बन्धित लक्षण-सम्मिश्र वाला नैदानिक मूल्यांकन—

इस वर्ष के दौरान उपरोक्त परियोजना का भी अध्ययन किया गया। प्रयोग के तौर पर इस वर्ष 37 रोगियों को लिया गया। सभी कम उम्र वाली प्राथमिक कृच्छ्रार्तव की रोगी स्त्रियां थीं और इनमें शुरू से ही दर्द वाल ऋतुस्राव था।

37 में से सिर्फ 23 का लक्षण विज्ञान जैन्थोजाइलम और विबरनम ओप्यूलरा से संगत था। बाकी रोगियों का उपचार जानी-पहचानी होमियोपैथिक दवाइयों से किया गया जिनसे उनके लक्षण मेल खाते थे।

उपरोक्त दोनों औषधियां मूल टिंक्चर और 3 × क्षमता (पोटैन्सी) में प्रभावकारी सिद्ध हुईं। दवाइयां खिलाने के बाद इन रोगियों के निम्नलिखित लक्षणों में सुधार हुआ।

जैन्थोजाइलम

नैदानिक लक्षणों की पुष्टि हुई।[1]

1. मतली और वमन सहित सिर दर्द (11)[2] परीक्षण वाले लक्षणों की पुष्टि।
2. तन्त्रिकीय कच्छ्रार्तव के साथ-साथ तन्त्रिकीय सिर दर्द (7)
3. ऋतुस्राव के दौरान तन्त्रिकीय दर्द। (3)
4. निम्न उदर क्षेत्र से लेकर जांघ तक जाने वाली पीड़ा। (17)
5. निम्न उदर से दर्द में 25 प्रतिशत सुधार। (4)
6. ऋतुस्राव प्रारम्भ में काफी अधिक गाढ़ा, (14)
   गाढ़ा लगभग काले रंग का। (4)
7. ऋतुस्राव के दौरान श्वेत प्रदर। (5)
8. अधीर रोगी। (5)
9. पतले तथा नाजुक। (5)
10. कृश। (4)

प्राप्त हुए अतिरिक्त आंकड़े

सामान्यताएं—ठंडे रोगी (22), गरम रोगी (8), मिठाइयों तथा गर्म भोजन की इच्छा रखने वाले रोगी (7). नमक (7), प्यासे (8), कम भूख वाले तथा अधीर मन व चिड़चिड़ा स्वभाव के (8)।

विबरनम ओपुलस—नैदानिक लक्षणों की पुष्टि ऋतुस्राव के साथ-साथ अरुचि और सिर दर्द—परीक्षण लक्षणों की पुष्टि—

1. ऋतुस्राव के दौरान ऐंठन और वृहदांत्र पीड़ा। (18)
2. जांघ तक जाने वाली ऐंठन। (10)
3. तड़के सबेरे सबसे अधिक पीड़ा।
4. त्रिकास्थि से जघन क्षेत्र तक होने वाली पीडा। (5)
5. ऋतुस्राव के दौरान होने वाली पीड़ा (7)
6. ऋतुस्राव का देर से और कम होना (13)

---

(1) इस पेशे में लगे हुए सदस्यों द्वारा लिए जाने का सुझाव दिया जाता है।

(2) कोष्ठकों के अन्दर दी गई संख्या जितनी बार नैदानिक लक्षणों की पुष्टि हुई उसकी संख्या बताती है।

प्राप्त हुए अतिरिक्त आंकड़े

सामान्यताएं

1. गरम रोगी (5), ठंडे रोगी (1)
2. मिर्च-मसाले तथा ठंडा भोजन पसंद करने वाले रोगी (5), मीठा भोजन चाहने वाला (1)
3. मिठाइयों तथा सब्जियों के प्रति उदासीन
4. कम भूख वाले (5)
5. प्यासे (5)
6. मनस्कता : अश्रुपूर्ण (5)

चिड़चिड़ापन, शीघ्र गुस्सा करने वाले, तुनुकमिजाज़ शेष 14 रोगियों को प्रकृति (शरीर के गठन) और मियाज्म के आधार पर सुपरिचित होमियोपैथिक औषधियां देने से लाभ पहुंचा। ये दवाइयां निम्नलिखित थीं। नेट्म म्यूरिएटिकम, फासफोरस, पल्सेटीला सल्फर, थाइराइडिनम और ट्युबरकुलिनम। ये सभी दवाइयां 200 और 1 एम० क्षमता (पोटेन्सी) में सिर्फ एक ही खुराक प्रभावकारी सिद्ध हुई।

3. कृमिरोग लक्षण समिश्र पर फिलिक्स मानस (भारतीय स्पीसीज) नैदानिक मूल्यांकन :

फिलिक्स मास के प्राप्त आंकड़ों से मेल खाते 35 रोगी थे। प्रयोग संबंधी आंकड़ों से यह पता चला कि कृमियों की विभिन्न जातियों से ग्रस्त रोगियों के लिए यह औषधि न सिर्फ प्रभावकारी है बल्कि जैसे रोगियों के लिए प्रभावकारी है बल्कि जिनमें कृमि न होते हुए भी लक्षण सम्मिश्र कृमिरोग से संबद्ध होते हैं लेकिन इसका प्रभाव (क्रिया) काफी कम है। विकृति विज्ञान पैथोलोजी को बिना बदले सिर्फ कार्यात्मक लक्षणों को दूर कर सकता है यानी ऐस्कैरिस लम्ब० को बाहर निकाल फेंकने के मामले में इसका प्रभाव काफी कम है।

दवाई की 3×और 6×पोटेन्सी बार-बार देने से प्रभावकारी सिद्ध हुई है। रिपोर्ट वाले चुने गए रोगियों के निम्नलिखित लक्षणों की पुष्टि हुई।

आयुर्विज्ञान साहित्य में वर्णित लक्षणों की पुष्टि —

नाक कुरेदना, भूख न लगना, मतली, संध्या से मध्य रात्रि तक ज्वर तेज़ रहना, प्रातः ज्वर का कम होना, चिड़चिड़ापन।

सुधरे लक्षण, लेकिन जो आयुर्विज्ञान साहित्य में वर्णित नहीं हैं :

रात में नींद में दांत किटकिटाना, नींद में लार बनना, नाक से पानी बहना, रात में उदर में गुड़गुड़ाहट की अनुभूति, गैस बनने के साथ-साथ उदर में भारीपन का अनुभव, ऊपरी उदर में दर्द, दबाने से आराम महसूस होना, नाभि के आस-पास दर्द तथा शौच के पूर्व और इसके दौरान इस दर्द का बढ़ना तथा इसके बाद दर्द का कम हो जाना। मलद्वार

में खुजली श्लेष्मा (म्यूकस) युक्त मल और सूत्र कृमियों का होना, बारबार पेशाब करना, बदबूदार पेशाब, रात्रि में पेशाब अधिक होना, खांसी में पीड़ा, दोनों पैरों में दर्द जो अपराहन (तीसरे प्रहर), संध्याकाल में बढ़ जाता है और मालिश, दाब से सुधार, पूरे शरीर पर खुजली तथा पिटिकाओं का विस्फोट, रात में इनका बढ़ जाना।

सामान्यताएं :

मनस्कता, मुलक्कड़पन, संगी साथियों को पसंद करना, एकांत, आसानी से ठंड लग जाना, गरम रोगी रोटी, अंडा, आइसक्रीम, मांस, भीगा, नमक, खट्टे, मीठे पदार्थों की इच्छा, मांस, दूध, चावल, खटाई, मिठाईयों के प्रति अरुचि, अधिक पसीना आना, सामान्यताएं, भूतप्रेतों के सपने आना। सभी रोगी सोरिक प्रकृति के पाए गए।

निश्चित निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए अभी और अधिक रोगियों का अध्ययन किया जाना चाहिए और इस पर अभी कार्य चल रहा है।

4. विभिन्न रोगों में आंत्र-नोसोडों का नैदानिक मूल्यांकन :

रिपोर्ट की अवधि में 31 ऐसे रोगी लिए गए जिनका लक्षण निम्नलिखित तीन औषधियों डाइसेन्टरी को०, मारगन जी० आर० टी० और मारगन प्योरा-से संगति रखता था। इनके परिणाम तालिका रूप में नीचे दिए गए हैं। पुस्तकों में वर्णित कुछ लक्षणों को बार-बार सत्यापित किया गया और प्रत्येक लक्षण को प्रमाणित मानना चाहिए। तीनों आंत्र नौसोड़ों का जठरांत्र तंत्र पर विशेष रूप से प्रभाव देखा गया और ऋतुस्राव चक्र के दौरान दूध, नमक, मिठाइयों, रसा आदि की इच्छा पाई गई।

आंत्र नोसोड	रोगियों की कुल संख्या	सुधार वाले	आराम	जिनके बारे में पता नहीं
1. डाइसेन्टरी को०	18	9	3	6
2. मारगन जी आर० टी०	11	6	2	3
3. मारगन प्योर	2	1	—	1
	31	16	5	10

लेकिन प्रत्येक औषधि की रोगहर-क्षमता का पता प्रत्येक आंत्र नोसोड के प्रयोगाधीन काफी अधिक रोगियों का अध्ययन करने पर ही चल सकता है। इस विषय पर अन्वेषण कार्य चल रहा है।

(ख) लक्षण-सम्मिश्र-रोग केन्द्रित

1. अति--रक्त दाब (हाइपरटेन्शन) से सम्बद्ध लक्षण सम्मिश्र में होमियोपैथिक दवाइयों की भूमिका

इस वर्ष भी यह कार्य किया गया। सुदम प्रकार के अनिवार्य अतिरिक्त दाब से पीड़ित सिर्फ सात ऐसे रोगि को इस कार्य के लिए लिया गया जो इसके लिए उपयुक्त थे। औषधियों का चुनाव रोगियों की प्रकृति (शरीर रचन और उनकी विशेषताओं के आधार पर किया गया।

सभी 7 रोगियों में लक्षणी (व्यक्तिनिष्ठ) सुधार पाया गया लेकिन रक्त दाव का कम होना केवल 4 रोगि में देखा गया। ये रोग अभी भी चिकित्सीय देख-रेख में चल रहे हैं।

2. नासाशोथ (राइनाइटिस) के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियो दवाइयों की भूमिका

रिपोर्ट की अवधि में 47 और रोगी लिए गए। इनमें से 19 रोगियों में काफी अधिक[1] सुधार हुआ और। रोगियों में थोड़ा[2] सुधार हुआ, 1 रोगी को कुछ भी आराम न मिला, 2 रोगियों की हालत पहले से और अधिक वि गई, 11 रोगियों ने आगे आना बंद कर दिया और तीन रोगी निरीक्षणाधीन थे।

अध्ययन के दौरान यह देखा गया कि बतायी गई औषधियों जैसे आर्सेनिक एलबम, वेलाडोना, ब्रायोनि एल्बा, नेट्रम म्यूरिएटिकम, पल्सेटिला, रस टाक्सिकोड्रेन्ड्रान और सल्फर से रोग की तीव्रता व अवधि में कमी आ और इसकी पुनरावृत्ति देर में हुई। इसके अतिरिक्त रोग के साथ होने वाली अन्य शिकायतों—जैसे सिर दर्द, चक्र आना, कब्ज, मतली आदि में भी सुधार हुआ।

इस पर अभी आगे कार्य चल रहा है।

3. वायुविवरशोथ (साइन्युसाइटिस) के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियोपैथिक दवाइयों की भूमिका :

इस वर्ष के दौरान भी इस समस्या पर कार्य हुआ। प्रयोग के लिए 20 रोगी लिए गए जिनमें से 3 में का सुधार हुआ, 11 रोगियों को थोड़ा आराम मिला, 3 को कुछ सुधार न हुआ, 1 रोगी ने बाद में आना बंद कर दि और 2 रोगी निरीक्षणाधीन थे।

उपरोक्त सभी मामलों में आमतौर पर साइलीशिया, नेट्रम म्यूरियटिकम और पल्सेटिला प्रभावकारी सि हुई।

इस पर अभी कार्य चल रहा है।

4. टांसिल शोध (टान्सिलाइटिस) के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

इसके लिए 28 रोगियों को लिया गया। 4 के मामले में काफी सुधार हुआ, 14 रोगियों में थोड़ा सुधा हुआ, 3 रोगियों को कोई फायदा नहीं पहुंचा और 4 रोगियों ने बाद में आना बंद कर दिया तथा 3 रोगी निरीक्षणाधी थे।

(1) अधिकांश चिह्नों और लक्षणों का गायब होना 75 प्रतिशत (तथा इससे अधिक)।
(2) 25 से 50 प्रतिशत आराम यानी चिह्नों और लक्षणों में थोड़ा सुधार।

इससे पता चला कि सभी में सोरिक मियाज्म काफी प्रबल था। रोग की उग्र अवस्था को कम करने व तीव्रता, पुनरावर्तन तथा अवधि को कम करने में बताई गई होमियोपैथिक दवा काफी लाभदायक सिद्ध हुई। उपचार से संबंधित परेशानियों के पहलू से भी काफी फायदा हुआ।

ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने के निमित पर्याप्त आंकड़े एकत्र करने के लिए यह प्रयास आगे भी चल रहा है।

5. विविध प्रकार के चर्म रोगों (एलर्जी सहित) के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियोपैथिक दवाइयों की भूमिका

इस अवधि में विविध प्रकार के चर्मरोगों से पीड़ित 94 रोगियों का अध्ययन किया गया। इनमें से 24 को काफी फायदा पहुंचा, 26 रोगियों को थोड़ा लाभ,[1] 2 को बहुत कम लाभ, 16 को कोई फायदा नहीं, 5 की हालत बिगड़ गई और 12 रोगी बाद में नहीं आए। एक रोगी को इस दौरान अलग कर दिया गया और 8 अभी तक निरीक्षणा-धीन थे।

इन रोगियों को निम्नलिखित दवाइयां दी गईं : एपिस, मैलिफिका एनागैलिस, आर्सेनिक एल्बम, आर्सेनिक आयोडेटम, क्लोरेटम, सिक्यूटा विरोसा, डलकामारा, ग्रेफाइटिस, हेपर सल्फ्यूरिकम, काली म्यूरिएटिकम, लाइकोपोडियम, काली बाइक्रोमिकम, मर्क्यूरियम, नेट्रम म्यूरिएटिकम, नेट्रम सल्फ्यूरिकम, नक्स वोमिका, पेट्रोलियम, सोराइनम, पल्सेटिला, रस टाक्सिकोडेन्ड्रोन, सीपिया, सल्फर और अर्टिका यूरेन्स।

प्रयोग से यह निष्कर्ष निकला कि होमियोपैथिक दवाइयां काफी फायदेमंद रहीं। खासकर रोग के आक्रमण की अवधि तीव्रता और बारम्बरता वाली दशाओं को कम करने में ये दवाइयां सहायक सिद्ध हुई।

अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी अधिक रोगियों पर प्रयोग करने की आवश्यकता है। यह कार्य अभी चल रहा है।

6. श्वासनिका दमा के लक्षण-सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियो दवाइयों की भूमिका

इस रोग में होमियोपैथिक दवाइयों की प्रामाणिकता सिद्ध करने की दिशा में भी इस अवधि में कार्य हुआ। इसके लिए परिषद के अधीन कार्य कर रहे विभिन्न संस्थानों ओबालिक एककों में 1378 रोगियों को लिया गया। रोगियों को उनके चिह्नों, लक्षण सम्मिश्र, रोग के कारण, प्रकृति, मियाज्म आदि के आधार पर दवाइयां दी गईं।

आर्सेनिक एल्वम, केल्केरिया कार्बोनिकम, कार्बो वेजिटेबिलिस्म, काली कार्बोनिकम, ओपियम, फास्फोरस, सल्फर और ट्यूबरकुलिनम का प्रयोग इस रोग में किया गया।

यह देखा गया कि निर्धारित दवाइयों से कष्ट श्वास के उग्र प्रवेग आक्रमण पर अच्छी तरह नियंत्रण रखा जा सका। इनमें से कुछ रोगी तो हैरिंग के रोगमुक्ति वाले नियम अनुसार रोगमुक्त होने की दिशा में हैं।

अब तक प्राप्त आंकड़े उत्साहवर्धक रहे हैं और इस परियोजना पर अभी आगे कार्य चल रहा है।

7. आमवात ज्वर / संधिशोथ के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियो दवाइयों की भूमिका:

इस अवधि में 67 रोगियों का अध्ययन किया गया जिनमें से 25 नए रोगी थे। 45 रोगियों में रोगोंके चिह्न

1. 50 से 75 प्रतिशत आराम यानी चिह्नों और लक्षणों में काफ़ी सुधार।

और लक्षण बिल्कुल ही गायब हो गए, 17 में थोड़ा बहुत सुधार हुआ, 2 रोगी फिर नहीं आए और तीन को इस योजना से अलग कर दिया गया।

रोगी संख्या 36,34,33,36 में क्रमशः निम्नलिखित मामलों में सुधार हुआ, लोहितकोशिका अवसादन दर (इ०एस०आर०), कुल श्वेत रुधिर कोशिका गणना, विकिरण (विज्ञान) संबंधी खोजों तथा ई०सी०जी० स्वरूपों में यानी इन मामलों में रोगी सामान्य या लगभग सामान्य अवस्था में आ गया।

यह अध्ययन निम्नलिखित औषधियों के साथ और उनकी 30,200 तथा 1 एम० पोटेन्सी के साथ किया गया।

1. उग्र प्रकोपनों के अनुसार सामान्यतः संकेतित दवाइयां : एपिस मेलिफिका, अर्निका मान्टैना, आर्सेनिक एल्बम, ब्रायोनिया एल्बा, केल्केरिया सल्फ्युरिकम, कैमोमिला, चेलिडोनियम, कोलचिकम, डिजिटेलिस, केलि बाइक्रोमिकम, कैल्मिया, लैकेसिस, लीडम पाल, पल्सेटिला, रस टाक्सिकोडेन्ड्रान और सल्फर।

2. प्रति मियाज्मी औषधियां : केल्केरिया कार्बोनिकम, लाइकोपोडियम, सल्फर और थूजा।

3. **नोसोड :** मेडोराइनम और सोराइनम।

4. जिन औषधियों के प्रयोग से प्रयोगशाला की उपलब्धियां सामान्य या सामान्य के लगभग हो गईं : ब्रायोनिया, केल्केरिया कार्ब, कालचिकम, काली बाइक्रोमिक, लैकेसिस, लीडम पाल, लाइकोपोडियम, पल्सेटिला, रस टाक्स और सल्फर।

5. जिनकी सहायता से मर्मर की उग्रता कम हो गई : ब्रायोनिया, लाइकोपोडियम, रस टाक्सकोडेन्ड्रोन, और सल्फर।

6. जिनके प्रयोग से सम्बद्ध गड़बड़ियां और पहले या बाद में होने वाली गड़बड़ियां गायब हो गईं :

एपिस मेलिफिका, बेलाडोना, कालचिकम, कैलि बाइक्राम, लाइको, नक्स वोमिका।

ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पर्याप्त आंकड़े एकत्र करने हेतु इस समस्या पर अभी कार्य चल रहा है।

8. मानसिक रोगों विखंडित मनस्कता, चिंता विक्षिप्ति, साइकोसिस आदि के लक्षण सम्मिश्र में होमियोपैथिक दवाइयों की भूमिका :

337 रोगियों की व्यवहार संबंधी गड़बड़ियों का नैदानिक परीक्षण किया गया। इनमें 120 आई०पी०डी० रोगियों समेत 188 पुरुष और 149 महिलाएं थी और सभी उम्र के 10 वर्ष से नीचे के और 50 वर्ष से ऊपर के रोगी भी थे। इन रोगियों को हैनीमैन की मानसिक रोगों वाली धारणा के अनुसार वर्गीकृत किया गया।

337 में से 94 में काफी सुधार हुआ। 98 में थोड़ा बहुत सुधार हुआ, 50 में कोई सुधार नहीं हुआ, 13 की हालत बिगड़ गई और 37 उपचार के लिए पुनः नहीं आए, 19 ने कुछ सुधार के बाद उपचार बंद कर दिया और 2 का अभी उपचार चल रहा है। इनमें से कुछ रोगियों में औषधि का चुनाव रेपर्टरी के अनुसार (रेपर्टराइजेशन द्वारा किया गया। अधिकांश रोगियों में प्रभावकारी औषधियां ये थीं :

बेलाडोना, इग्नेशिया, लेकेसिस, नेट्रम म्यूरिएटिकम, फासफोरस, पल्सेटिला, स्ट्रैमोनियम।

अभी अध्ययन जारी है।

9. मधुमेह के लक्षण सम्मिश्र की व्यवस्था में होमियोपैथिक दवाइयों की भूमिका :

इस अवधि में 72 रोगियों को परीक्षण के लिए लिया गया, जिनमें से 13 रोगी आई०पी०डी० के थे। 43 पुरुष और 29 महिलाएं थीं। 19 रोगियों में मधुमेह होने का सामान्य कारण उनकी आनुवंशिकता (हेरेडिटी) थी, न कि अन्य कारक।

इनमें से 2 रोगियों में काफी फायदा रहा, 38 में थोड़ा बहुत फायदा, 8 को कोई फायदा नहीं हुआ, 3 की हालत बिगड़ गई, 12 रोगी फिर नहीं आए और 9 पर अभी परीक्षण जारी है।

लाभप्रद दवाएं थीं : ऐसेटिक एसिड, सल्फर, टेरेन्टुला, और ट्युवरकुलिनम।

यों तो होमियोपैथिक औषधियां रोगों के तीव्र प्रकोपनों का और इनकी चिरकारी अवस्थाओं का नियंत्रण कर सकती है फिर भी चिकित्सा के लिए निष्कर्श पर पहुंचने के लिए अभी काफी और अध्ययन की आवश्यकता है।

इस अवधि में निम्नलिखित अतिरिक्त परियोजनाओं को शुरू किया गया। इनके आंकड़े नीचे प्रस्तुत हैं।

10. खल्वाटता या गंजापन (एलोपसिया)

10 पंजीकृत रोगियों में से एक में थोड़ा बहुत सुधार हुआ। साथ ही साथ सम्बद्ध गड़बड़ियों जैसे जुकाम, खांसी आदि में भी सुधार हुआ। इसके लिए सोराइनम 200 तीस दिनों तक दी गई। शेष सभी रोगी अभी निरीक्षणाधीन है।

11. गर्भाशय-ग्रीवाशोथ और गर्भाशय ग्रीवा अपरदन

गर्भाशय-ग्रीवा के शोथ और गर्भाशय-ग्रीवा के योनि भाग के शल्की उपकला (स्ववैमस एपिथीलियम) के नष्ट होना, सामान्य समस्या है। इसका अध्ययन कार्य परिषद् के एक क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान में किया गया। 15 रोगियों में होमियो दवाओं का प्रयोग किया गया जिनमें से 1 में पहले पल्सेटिला 200 और बाद में कालीम्यूरिएटिकम 6X देने से 30 दिनों के भीतर काफी सुधार हुआ। 13 में थोड़ा सुधार हुआ, इनमें से 9 को सीपिया 30,200 और 1 एम० शक्ति की संकेतित दवाएं दी गई थीं। एक रोगी को कुछ भी फायदा नहीं हुआ। अध्ययन कार्य जारी है।

12. मध्य कर्ण शोथ (ओटोइटिस मीडिया)

इनमें 4 रोगी लिए गए जिनमें से 1 में काफी सुधार हुआ, 2 रोगी फिर नहीं आए और 1 रोगी का अभी उपचार चल रहा है। इसके लिए अध्ययन जारी है।

13. सोरायसिस

यह एक चिरकारी आनुवंशिक, पुनरावर्ती पिटिका शल्की (पैपुलो स्ववैमस) त्वक शोथ (डर्मेटाइटिस) है। इसकी विशिष्ट विक्षेति चांदी जैसे पटलित शल्कों से ढकी रहती है। आमतौर पर यह रोग कोहनी, घुटने और अग्रजंघा (शिन) पर आक्रमण करता है। इस वर्ष इसके 5 रोगी आए जिनमें से 3 में थोड़ा सुधार हुआ, एक रोगी को कोई फायदा नहीं हुआ और एक रोगी अभी निरीक्षणाधीन है।

इस पर आगे कार्य चल रहा है।

14. चर्मकील और घट्टे

इसमें 16 रोगी लिए गए जिनमें से 6 तो बिल्कुल ठीक हो गए, 5 को थोड़ा आराम पहुंचा, 2 रोगी पुनः नहीं आए, 2 को कोई फायदा नहीं हुआ और एक अभी निरीक्षणाधीन है।

इस योजना पर अन्वेषण कार्य चल रहा है ।

15. मलेरिया

होमियोपैथिक दवाओं की रोग हर क्षमता को देखने के लिए इस अवधि में मलेरिया का अध्ययन किया गया। इसके लिए यों तो 123 पंजीकृत रोगी आए पर इनमें से 83 उपचार हेतु पुनः नहीं आए, 28 को काफी फायदा हुआ, 9 में थोड़ा बहुत सुधार हुआ और 3 में थोड़ा सुधार हुआ।

अभी अध्ययन जारी है।

16. फाइलेरिया रोग

फाइलेरिया नामक रोग अपने देश के दक्षिण-पूर्वी तट रेखा, पश्चिम बंगाल सहित कई जगहों पर आमतौर पर देखने को मिलता है क्योंकि ये विषुवतीय क्षेत्र हैं। इसलिए इस परियोजना के अध्ययन हेतु भुवनेश्वर और तिरुपति स्थित नैदानिक अनुसंधान एककों को चुना गया। इस अवधि में 100 रोगी आए जिनमें से 14 रोगियों को काफी सुधार, 16 रोगियों में थोड़ा बहुत सुधार हुआ, 11 रोगियों में थोड़ा सुधार, 8 रोगियों में कोई सुधार नहीं हुआ। 1 रोगी की हालत बिगड़ गई और 50 रोगी फिर नहीं आए।

लाभप्रद दवाइयां थीं : आर्सेनिक एल्बम (2 रोगी), हाइड्रोकोटाइल (2 रोगी) नेट्रम म्यूरिएटिकम (3 रोगी), पल्सेटिला (3 रोगी), रस टाक्स (6 रोगी) और सल्फर (3 रोगी) आदि।

अध्ययन कार्य जारी है।

17. अस्थि सन्धि शोध (आस्टियो आर्थोइटिस)

इस वर्ष इस समस्या को भी अध्ययन के लिए लिया गया। कुल 10 रोगियों का अध्ययन किया गया जिनमें से 8 में काफी सुधार हुआ और दो में थोड़ा बहुत सुधार हुआ।

18. उग्र श्वसन-रोग

इस अवधि में विविध प्रकार के तीव्र श्वसन रोगों—जैसे नासाशोथ (राइनाइटिस) वायुविवर शोथ (साइनूराइटिस), श्वसनिका शोथ (ब्रोंकाइटिस) लोवर न्यूमोनिया के 36 रोगी लिए गए। इनमें से 15 को काफी सुधार, 8 में थोड़ा बहुत सुधार, 5 में कोई सुधार नहीं, 8 रोगी फिर नहीं आए।

इस पर अध्ययन जारी है।

कुछ नई प्रस्तावित परियोजनाओं, जैसे कि दुर्दम रोगों, मिरगी (एपिलेप्सी), कुष्ठरोग में इसकाडोर, ग्लोमेरुलो पाइलोनेफ्राइटिस का अध्ययन नियत किए जाने के बावजूद भी या तो रोगियों के न मिल पाने या अन्य कारणों से, पर कार्य न हो सका।

19 ऊपरी श्वसन-पथ संक्रमण के कई आम रोगों (मध्य कर्णशोथ सहित) में होमियोपैथिक दवाओं की रोगहर क्षमता का आधुनिक दवाओं की रोगहर क्षमता के साथ तुलनात्मक अध्ययन

इस अवधि में इस विषय पर भी कार्य हुआ। ऊपरी श्वसन-पथ संक्रमणों, (मध्यकर्ण शोथ सहित) के कुल 248 रोगियों का अन्वेषण कार्य किया गया। जिनमें से 78 पुराने रोगी थे। 299 रोगियों को होमियो दवाइयां दी गईं और 19 को अंग्रेजी दवाइयां (एलोपैथी)। प्रयोग के दौरान 3 रोगियों को होमियोपैथी से एलोपैथी विधि में स्थानान्तरित किया गया और 4 रोगियों को एलोपैथी से होमियोपैथी में क्योंकि ये रोगी पूर्व निर्धारित उपचार तंत्र के प्रति कोई अनुक्रिया नहीं दिखा रहे थे।

एलोपैथी दवाइयों का निर्देशन कार्य अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के कर्णनाराकण्ठ विज्ञान (आटोराइनीलेरिजिओलाजी) विभाग के विशेषज्ञ कर रहे थे।

तुलनात्मक सुधार सूचकांक नीचे प्रस्तुत है

कम सं०	रोग	उपचार विधि	अनुक्रिया	कोई सुधार नहीं	उपचार के वा में ज्ञात नहीं	रोगियों की कुल संख्या	चिकित्सा मान	कुल योग
1.	एलर्जीयुक्त	हो०	7 13 7	7	10	44	1.58	
	नासाशोथ	एलो०	——	—	2	3	1.00	47
2.	कंठ शोथ	हो०	1 1 1	—	—	3	2.33	
		एलो०	——	—	—	—	0.00	33
3.	मध्यकर्ण शोथ	हो०	9 11 5	5	24	54	1.80	
		एलो०	3 3 1	—	3	10	3.57	3
4.	ग्रसनीशोध	हो०	8 18 9	4	16	55	1.74	
		एलो०	——	—	—	—	0.00	55
5.	वायु विवरशोथ	हो०	7 5 9	6	10	37	1.48	
		एलो०	1	—	1	2	1.00	39
6.	टांसिल शोथ	हो०	6 5 9	26	18	36	2.05	
		एलो०	——	1	3	4	0.00	40
	कुल		41 60 35	25	87	248		248

हो० = होमियोपैथी

एलो० = एलोपैथी

=चिकित्सार्थ-मान की गणना कुल मान को रोगियों की कुल संख्या से भाग देकर की गई है ।

मान—

+ + +3

+ +2

+1

कोई फायदा नहीं—कुछ नहीं

स्थिति बदतर 1

जो रोगी बतलाने के लिए नहीं आए उन्हें अलग कर दिया गया है ।

अब तक के किए गए अध्ययनों से यह परिणाम निकला कि होमियोपैथिक दवाइयों एलर्जी नासाशोथ, टांसिल शोथ, वायुविवर शोथ और ग्रसनीशोथ आवृत्ति तीव्रता और बाद वाले आक्रमणों की अवधि को कम करने में लाभदायक है। यह भी देखा गया कि व्यक्तिनिष्ठ रोगमुक्ति के अतिरिक्त चिह्नों—जैसे अव अधोहनु लसीका पर्वा (सब मैन्डिबुलर लिम्फ नोड्स) के आकार में धीरे-धीरे कमी, बढ़ी हुई ग्रीवा ग्रन्थियां, संकुलित टांसिल और नासाशुक्तिका (टर्बिनेट्स) आदि में वस्तुनिष्ठ रोगमुक्ति भी हुई ।

ठोस परिणामों के लिए पर्याप्त आंकड़े इकट्ठा करने के कारण अभी इस पर प्रयोग किए जा रहे हैं ।

20. जननक्षमतारोध (ऐन्टिफर्टिलिटी)

इस अवधि में दो औषधियों, कालोफाइलम थैलिक्टेराइडीज और पल्सेटिला नाइग्रा का और अधिक प्रयोगि परीक्षण किया गया याकि उनके जननक्षमतारोधी गुण का पता चल सके। ये प्रयोग औषधियों की अलग-अलग शक्ति द्वारा सफेद चूहों (एल्बिनो रैट्स) पर किए गए ।

पल्सेटिला नाइग्रा : प्रायोगिक अनुसंधान से पता चला कि पल्सेटिला 1000 में प्रोजेस्टेरोन वन्धुता वाले और पल्सेटिला 10,000 में एस्ट्रोजन वाले गुण होते हैं ।

कालोफाइलम थैलिक्टेराइडीज

इस दवा की 200 सी० शक्ति में एस्ट्रोजन उत्पन्न करने वाले गुण हैं ।

कैडमियम मेटेलिकम, डाइक्लोरोफेनाक्सी ऐसेटिक एसिड और ग्रेफाइटिस नामक दवाइयों के गर्भनिरो गुणों का पता लगाने के लिए प्रायोगिक अध्ययन भी प्रारम्भ किया जा रहा है ।

2. नैदानिक सत्यापन अनुसधान :

गत समय में परिषद् के अधीनस्थ औषधि परीक्षण अनुसंधान द्वारा किए गए कार्य से ऐब्रोमा आगस्था और काली म्युरिएटिकम औषधियों के औषधि रोग जनन का पता चला । इसी अवधि में इन आंकड़ों के रोगलक्षणी सत्यापन का कार्य भी प्रारम्भ किया गया । निम्नलिखित लक्षणों की पुष्टि की गई ।

(क) एब्रोमा आगस्टा

रात में कई बार पेशाब करना और प्रत्येक बार पेशाब करने के बाद कमजोरी बढ़ना (4)[1] मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा) के मुख पर जलन महसूस करना (5); मूत्र त्यागने के दौरान और बाद में जलन (3); दिन-रात काफी पेशाब होना और इसका रंग गहरा होना (3); और

(ख) काली म्यूरिएटिकम

पतला पानी जैसा गाढ़ा सफेद श्लेष्मसपूय उत्सर्ज के साथ-साथ नासिकास्थित में दर्द, दबान से और गर्म पेय से आराम (10); दायें नासाछिद्र में अवरोध जिससे सांस लेने में कठिनाई, रात्रि के इस स्थिति का बिगड़ जाना (8), नाक से थक्के के साथ खून का बहना, नाक की जड़ में दर्द जो बायीं ललाटास्थि और अधिनेत्र क्षेत्र तक जाता है (9), टांसिल का बढ़ना (6) गले में सूखापन और दर्द रात में निगलने में कठिनाई का बढ़ जाना (20) गलतोरणिका (फाउसेस) में दर्द, खाने और गर्म जल पीने से आराम (8) बार-बार मूत्र त्यागने की इच्छा साथ में मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा) में दर्द (2), आम तौर पर त्वचा पर रूखापन महसूस करना (2)

यद्यपि प्राप्त आंकड़े उत्साहवर्धक थे फिर भी अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है ओर अभी इस विषय पर अनुसंधान कार्य चल रहा है ।

ऊपर वर्णित दो परखी गई दवाइयों के अलावा आंशिक रूप से परखी गई 12 दवाइयों का अध्ययन आरम्भ कर दिया गया है, जिनकी चर्चा होमियोपैथिक पुस्तकों में हैं । ये औषथियां थीं—

1. एकालिफा इंडिका	7. बेंज़ोइकम एसिडम
2. अकाइरेंथ्स एसपर	8. ब्लाटा ओरिएंटेलिस
3. एलसटोनिया कंस्ट्रिक्टा	9. वोइरहेविया डिफ्यूजा
4. एन्थोकोकिली	10. कैरिका पपाया
5. आर्सेनिक सल्फ रूबरम	11. जस्टीसिया अढाटोडा
6. वेसिलिनम	12. साइज़ीजियम जेम्वोलनम

अब तक के प्राप्त आंकड़े किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचाते और इस विषय पर अभी कार्य चल रहा है ।

(1) कोष्ठक में लिखे गए अंक रोगियों की संख्या बताते हैं ।

3. औषधि परिक्षण अनुसधान

भागलपुर और मिदनापुर स्थित औषधि परीक्षण अनुसंधान एककों से पहले प्राप्त विविध औषधि परीक्षण अनुसंधान रिपोर्टों की छानबीन और फिर सार संकलन किया गया। यह संकलन 'कैसिया सोफेर' नामक (द्वितीय औषधि परीक्षण रिपोर्ट) नामक शीर्षक से वर्णित किया गया था और जिस वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत किया गया। इसे परिषद् के त्रैमासिक बुलेटिन में प्रकाशित किया जा रहा है।

बेराइटा आयोडेटा, साइबोडान, डेक्टिलोन, थीआ चाइनेन्सिस नामक औषधियों से सम्बन्धित औषधि परीक्षण अनुसंधान रिपोर्ट भी पहले मिल चुकी थी। सम्बद्ध औषधि परीक्षण रिपोर्टों की संवीक्षा की जा रही है और अंतिम संकलन कार्य प्रगति पर है।

इस अवधि में औषधि परीक्षण अनुसंधान जारी था। परीक्षण कार्य डबल ब्लाइन्ड टेकनीक द्वारा किया गया।

रिपोर्ट की इस अवधि में पांचवा औषधि परीक्षण कार्यक्रम भागलपुर और कलकत्ता स्थित औषधि परीक्षण अनुसंधान यूनिटों में शुरू किया गया और छठा औषधि परीक्षण कार्यक्रम लखनऊ और मिदनापुर स्थित औषधि परीक्षण अनुसंधान एककों में तथा नई दिल्ली के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान में।

इस कार्यक्रम से संबंधित प्रारम्भिक कार्य गाजियाबाद के नव स्थापित औषधि परीक्षण अनुसंधान एकक में आरम्भ किया गया।

4. औषधि मानकीकरण अनुसंधान

क्रिया रासायनिक, भेषज अभिज्ञान भेषज विज्ञान अध्ययन की दृष्टि से होमियोपैथिक महत्व के कच्ची (अपरिष्कृत) और परिष्कृत औषधियों के मानकों का निर्धारण भी इस वर्ष किया गया।

भेषज अभिज्ञान मानक :

ऐकैम्पे पैपिलोसा, ऐगेल फोलिया, कैसिया सोफेरा, फिक्स रेलेजिओसा, साइजिजियम कुमिनि, टाइलोफोरा इंडिका, बैन्डा राक्स बर्गाई जैसी औषधियों के भेषज अभिज्ञान मानक स्थापित किए गए। इन औषधियों और समीपस्थ प्राप्य पौधों/जातियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन से बेन्डा रावसबर्गाई और ऐकैम्पे पैपिलोसा में परा बैंगनी प्रकाश के प्रति शारीर और व्यवहार संबंधी, पराबैंगनी प्रकाश, कई विभेदक लक्षणों का पता चला। कैसिया सोफेरा और कैसिया आविसडेन्टेलिस के जड़ की छाल के शरीर विभेदक लक्षणों का फिक्स रिलीजिओसा और इसकी निकटता से सम्बद्ध फाइकस रम्फाई से भी काफी अधिक विभेदक लक्षणों का पता चला। साइजिजियम म्यूभिनिस के बीजों से महत्वपूर्ण लक्षणों का पता चला जिससे अन्य बीजों के साथ संभावित मिलावट का पता लगाने में मदद मिलेगी

भैषज गुण विज्ञान-मानक

ऐग्लेफोलिया, फाइक्स रिलीजिओसा, साइजिजियम जेम्बोलेनम और टाइलोफोरा इंडिका नामक औषधियों के भैषज गुण विज्ञान-मानकों का पता लगाया गया। नए भेषज गुण विज्ञान-प्रयोग अभी हो रहे हैं।

शरीरवृत्ति रासायनिक मानक

ऐजाडिरैक्टा इंडिका, ऐग्लेफोलिया, बौरहाविया डिफ्यूजा, कैनेबिस इंडिका, क्रोकस सैटाइवा, कैसिया सोफेरा, सायनोडोन डेक्टिलोन, फाइक्स रिलीजिओसा, हायोसियामस नाइग्रा, मेन्था पिपरेटा, साइज़ीजियम जैम्बोलेनम, ट्रिबुलस टेरेस्ट्रिस, टैबेकम नामक औषधियों के शरीर, वृत्ति रासायनिक मानक निकाले गए। इन औषधियों पर और भी काम हो रहा है।

5. आयुर्विज्ञान साहित्य सम्बन्धी अनुसंधान

इस अवधि में कैन्ट रेपर्टरी की समीक्षा की गई और इसका संशोधन और पुनरीक्षण किया गया। निम्नलिखित अध्यायों पर साहित्य सम्बन्धी कार्य पूरा किया गया :—

(1) जदर (2) कान (3) चेहरा (4) मुख, मसूढे (मसूढे, स्वाद और जीभ सहित) (5) नाक (6) दांत और (7) गला।

मुख से सम्बन्धित अध्याय त्रैमासिक बुलेटिन खंड 1, सं० 4, दिसम्बर, 1979, खंड 2, सं० 1, मार्च 1980 में प्रकाशित किया गया। 'मन' नामक अध्याय पर कार्य अभी जारी है।

मधुमेह का साहित्य सम्बन्धी अध्ययन भी इस अवधि में प्रारम्भ किया गया और जिस पर अभी कार्य हो रहा है।

6. औषधीय पौधों का सर्वेक्षण

इस अवधि में औषधीय पादप सर्वेक्षण एकक की स्थापना अस्थायी तौर पर होमियोपैथिक फार्मकोपिया बोरेटरी, गाजियाबाद स्थित भवन में की गई, जिसे बाद में ऊटकमंड, तमिलनाडू संभवतः स्थानान्तरित किया जाएगा।

औषधीय पौधों का साहित्य सम्बन्धी सर्वेक्षण अभी इस वर्ष शुरू किया गया है। होमियोपैथी में इस्तेमाल होने वाले उन देशज औषधीय पौधों की दृष्टि से साहित्य का मंथन किया गया, जो कि विशेष रूप से नीलगिरि की पहाड़ियों (तमिलनाडू), उत्तर प्रदेश और भारत के पश्चिमी प्रदेश में पाए जाते हैं।

प्रकाशन । सहयोग

1979-1980

क्रम सं०	लेख	प्रकाशित/प्रस्तुत
1.	होलेरेना एन्टिडाइसेन्ट्रिका के मूल टिंक्चर को तैयार करने की विधि का मानकीकरण करने का प्रयास ।	आई०एम०वाई०एच० की अनुसंधान पत्रिका खंड संख्या 1, 102-108 (1978) में प्रकाशित ।
2.	फाइकस रिलिजिओसा और फाइकस रमफिया की पत्तियों का तुलनात्मक भैषज अभिज्ञान (फार्मेकाग्नोसी)	नागार्जुन (संचारित)
3.	केन्ट रेपेर्टरी के 'मुख' नामक अध्याय की समीक्षा तथा पुनरीक्षण	त्रैमासिक बुलेटिन, सी०सी०आर०एच० (के०ही० अनु०पी०) खण्ड 1, संख्या 4, दिसम्ब, 1979 और खण्ड 2, संख्या 1, मार्च, 1980
4.	चिरकारी (क्रानिक) रोगों में शरीर के गठन और अनुवंशिकत (हेरिडिटी) का महत्त्व ।	ए०एच०एम० पत्रिका पृष्ठ 11-79
5.	कृमिनाशक के रूप अतिस्ता	वही
6.	एपोसाइनेसी कुल की वनस्पति औषधियों का चिकित्सीय प्रभाव और होमियो उपचार में इनका आपेक्षिक मान ।	वही
7.	जन्म से पूर्व बच्चों के सेक्स का चुनाव ।	होमियो वर्ल्ड 1979 (दिसम्बर)
8.	मानव, जानवरों और पौधों पर सूर्य ग्रहण का प्रभाव ।	अन्डमान टाइम्स-स्थानीय पत्र, 13-2-80
9.	औषधीय पौधे उनका और सामान्य प्रयोग ।	अन्डेमान टाइम्स-स्थानीय पत्र, 23-2-80
10.	यक्ष्मा क्षयरोग और इसकी रोकथाम तथा रोगमुक्ति बाल उपचार	वही 24-2-80

11.	यौवनारंभ पूर्वी और ईस्ट्रोजन उपचारित यौवनारंभ पूर्वी एल्विनो चूहों पर पल्सेटिला का प्रभाव ।	आई०एम०वाई०एच०, अनुसंधान पत्रिका, 1978
12.	कैसिया सोफेरा औषधि परीक्षण अनुसंधान सम्बन्धी दूसरी रिपोर्ट **जहां शोधपत्र प्रस्तुत किए गए**	त्रैमासिक बुलेटिन सी०सी०आर०एच० (प्रकाशनाधीन)
13.	धवल चूहों के अंडाशय (ओवेरी), गर्भाशय (यूटेरस) और अधश्चेतक (हाइपोथैलेमस) पर पल्सेटिला 1,000 और 10,000 की शक्ति (पोटेन्सी) का प्रभाव ।	ड्रग पोटेंशिएलिएटी आफ इंडियन मेडिसिनल प्लान्ट्स
14.	चूहों के अंडाशय और गर्भाशय पर कालोफाइलम 200और 10,000 पोटेन्सी का प्रभाव ।	वही
15.	अपरिपक्व चूहों में मंदातरकाल (डाइएस्ट्रस) के दौरान गर्भाशयों पर कालोफाइलम 200और 10,000 पोटेन्सी का प्रभाव ।	भारतीय ए०ओ०आफ० साइन्सेज, नागपुर, 1979
16.	धवल चूहों (एल्बिनो रैट) के गर्भाशय पर पल्सेटिला और कालोफाइलम इसमें (दोनों की 1,000 और 10,000 पोटेन्सी) का प्रभाव समांतर प्रभाव ।	67वीं संगोष्ठी, इंडियन साइंस कॉंग्रेस एसोसिएशन, कलकत्ता, फरवरी 1980
17.	जनन क्षमता रोधी कारक (एन्टीफर्टिलिटी के रूप में पल्सेटिला, 1,000 और 10,000 पोटैन्सी का मूल्यांकन	परिवार नियोजन के ऐक्शन नाउ में आई०एम०एस०, बी०एच०यू० 1980
